# केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
# वार्षिक रिपोर्ट
# 2022

# विषय-सूची


1.
सीबीएसई: एक अवलोकन 1

2.
शैक्षणिक गतिविधियां 4

3.
शिक्षक प्रशिक्षण 10

4.
परीक्षा 2022 15

5.
सूचना प्रौद्योगिकी की पहल 17

6.
प्रशासनिक गतिविधियां 19

7.
संबद्धता 22

8.
प्रोफेशनल परीक्षाएं 25

9
केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) 27

10.
मीडिया और जन-संपर्क 28

11.
राजभाषा प्रचार - प्रसार तथा कार्यान्वयन 29

12.
समारोह और कार्यक्रम 30

13.
संलग्नक 48

14.
क्षेत्रीय कार्यालयों और उत्कृष्टता केंद्रों का पता और संपर्क-सूत्र 62

# सीबीएसई: एक अवलोकन




सीबीएसई शिक्षा मंत्रालय के तत्वाधान में भारत में स्कूली शिक्षा का एक राष्ट्रीय बोर्ड है। सचिव (स्कूल शिक्षा और साक्षरता) बोर्ड के नियंत्रण प्राधिकारी हैं।

बोर्ड भारत में और 25 अन्य देशों में निजी/ स्वतंत्र स्कूलों से लेकर सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त संबद्ध विविध श्रेणी के स्कूलों की आवश्यकता की पूर्ति करता है। बोर्ड को निम्न के लिए अधिदेशित किया गया है:-

- बोर्ड परीक्षाओं के उद्देश्य से पाठ्यचर्या और पाठ्यक्रम विकसित करना।
- माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के लिए बोर्ड परीक्षा और ऐसी अन्य परीक्षाएं आयोजित करना जो नियंत्रक प्राधिकारी के अनुमोदन के अधीन उचित समझी जाएं।
- संबद्ध विद्यालयों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मानक विकसित करना
- शिक्षकों का व्यावसायिक विकास करना और छात्र संवर्धन गतिविधियों का आयोजन करना

## विकेन्द्रीकरण

सीबीएसई ने पूरे देश में हितधारकों की प्रशासनिक, शैक्षणिक, प्रशिक्षण और परीक्षा संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 16 क्षेत्रीय कार्यालय और 16 उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए हैं।

सीबीएसई संबद्धता की बढ़ती मांग के कारण देश में और अधिक क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित किया जाना अपेक्षित हैं।



**भौगोलिक विस्तार**

2022 में आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में 17वां क्षेत्रीय कार्यालय खोलने को मंजूरी मिली।



**17वां**
**क्षेत्रीय कार्यालय**

क्षेत्रीय कार्यालय, विजयवाड़ा का अधिकार क्षेत्र आंध्र प्रदेश और तेलंगाना राज्य के संबद्ध स्कूलों के लिए होगा।

# संगठनात्मक चित्रण

**नियंत्रक प्राधिकारी - सचिव (स्कूल शिक्षा और साक्षरता), शिक्षा मंत्रालय**

**अध्यक्ष**
**बोर्ड के मुख्य कार्यपालक**

- सचिव
  - प्रशासन व विधि (संयुक्त सचिव, प्रशासन व विधि)
  - संबद्धता संयुक्त सचिव (संबद्धता)
  - लेखा (आई.ए.एफ.ए.)
- परीक्षा नियंत्रक
  - 17 उत्कृष्टता केंद्र
    - क्षेत्रीय कार्यालय, अजमेर
    - क्षेत्रीय कार्यालय, बेंगलुरु
    - क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल
    - क्षेत्रीय कार्यालय, भुवनेश्वर
    - क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़
    - क्षेत्रीय कार्यालय, चेन्नई
    - क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून
    - क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली पूर्व
    - क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली पश्चिम
    - क्षेत्रीय कार्यालय, गुवाहाटी
    - क्षेत्रीय कार्यालय, नोएडा
    - क्षेत्रीय कार्यालय, पंचकुला
    - क्षेत्रीय कार्यालय, पटना
    - क्षेत्रीय कार्यालय, पुणे
    - क्षेत्रीय कार्यालय, प्रयागराज (इलाहाबाद)
    - क्षेत्रीय कार्यालय, तिरुवनंतपुरम
    - क्षेत्रीय कार्यालय, विजयवाड़ा
- निदेशक (आईटी)
- निदेशक (शैक्षणिक)
- निदेशक (कौशल शिक्षा)
- निदेशक (प्रशिक्षण)
  - 17 उत्कृष्टता केंद्र
    - सीओई, अजमेर
    - सीओई, बेंगलुरु
    - सीओई, भोपाल
    - सीओई, भुवनेश्वर
    - सीओई, चंडीगढ़
    - सीओई, चेन्नई
    - सीओई, देहरादून
    - सीओई, दिल्ली पूर्व
    - सीओई, दिल्ली पश्चिम
    - सीओई, गुवाहाटी
    - सीओई, नोएडा
    - सीओई, पंचकुला
    - सीओई, पटना
    - सीओई, पुणे
    - सीओई, प्रयागराज (इलाहाबाद)
    - सीओई, तिरुवनंतपुरम
    - सीओई, विजयवाड़ा
- निदेशक (प्रोफेशनल परीक्षाएं)
- निदेशक (मीडिया व जन-संपर्क)
- निदेशक (एडयुसेट)
- निदेशक (सीटीईटी व विविध परीक्षाएं)
- मुख्य सतर्कता अधिकारी
- निदेशक (पंजीकृत कार्यालय अजमेर)
- 04 क्षेत्रीय निदेशक
  - अजमेर
  - चेन्नई
  - चंडीगढ़
  - पंचकुला

## छात्र विकास के लिए आकलन में परिवर्तन

### सक्षमता आधारित शिक्षा

- सक्षमता आधारित शिक्षा को लागू करने के लिए अधिगम परिणामों को अपनाना
- सीबीई को लागू करने के लिए एक आवश्यक अपेक्षा के रूप में अनुभवजन्य अधिगम शिक्षणशास्त्र
- सक्षमता आधारित प्रश्न-पत्र
- सामग्री के साथ सक्षमताओं को प्रतिचित्रित करने के लिए आकलन ढांचे का विकास
- शिक्षकों का सतत क्षमता निर्माण



# शैक्षणिक गतिविधियां

**ग्रेड 3, 5 और 8 के लिए अधिगम विश्लेषण हेतु संरचित आकलन (SAFAL) का शुभारंभ**

सीबीएसई ने छात्रों के बीच मूलभूत कौशल और बुनियादी अधिगम परिणामों/ दक्षताओं की प्रगति का आकलन करने के लिए ग्रेड 3, 5 और 8 के लिए एक सक्षमता-आधारित आकलन, अधिगम विश्लेषण के लिए संरचित आकलन (SAFAL) का शुभारंभ किया। SAFAL, नैदानिक आकलन के रूप में, छात्रों पर अतिरिक्त परीक्षा दबाव के बिना शिक्षण-अधिगम में सुधार के लिए स्कूलों और शिक्षकों को विकासात्मक पुनर्निवेशन प्रदान करेगा। इसे न केवल ग्रेड 10 और 12 में बल्कि पूरे स्कूल के वर्षों में अधिगम प्रगति को ट्रैक करने में छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों की सहायता करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। SAFAL के परिणामों का उपयोग किसी भी तरह से छात्रों को अगली कक्षा में प्रोन्नत करने के लिए नहीं किया जाएगा। वर्ष 2023-24 के दौरान भाषा, गणित और ईवीएस/ विज्ञान के प्रमुख पाठ्यचर्या क्षेत्रों में कक्षा 5 और 8 के छात्रों के लिए सीबीएसई स्कूलों में सफल का आयोजन पायलट आधार पर किया जाएगा।

**समग्र प्रगति कार्ड**

छात्र विकास के लिए रचनान्तरणपरक आकलन के तहत, एनईपी 2020 में प्रगति के ऐसी 360 डिग्री, बहुआयामी रिपोर्ट प्रदान करने के लिए समग्र प्रगति कार्ड तैयार करने की सिफारिश की गई है जो प्रगति के साथ-साथ प्रत्येक शिक्षार्थी की संज्ञानात्मक, भावात्मक, सामाजिक-भावनात्मक और मन:चालित विशिष्टता को विस्तार से दर्शाए। इस विषय पर व्यापक विचार-विमर्श और परामर्श और अनुसंधान के बाद, एचपीसी पर सीबीएसई समिति एचपीसी (कक्षा 1 से 3 के लिए) आद्य रूप पायलटिंग करने के लिए विकसित किया है। आद्य रूप की समीक्षा एनसीईआरटी, यूनिसेफ और ईसीसीई के क्षेत्र के विशेषज्ञों द्वारा की गई है।

इसे ग्रामीण, अर्ध-शहरी, शहरी स्कूलों के साथ-साथ केंद्रीय विद्यालयों के सीबीएसई स्कूल प्रधानाचार्यों द्वारा भी जांचा गया है और 6 अप्रैल, 2022 को राष्ट्रीय फोकस समूह के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

**एचपीसी के लिए पायलट** देश भर के 74 सीबीएसई स्कूलों को शामिल करते हुए कक्षा 1 से 3 में प्रत्येक के एक सेक्शन में अप्रैल 2022 में शुरू हुआ। इनमें 25 केवी, 16 सरकारी और 33 निजी स्वतंत्र स्कूल शामिल हैं, जिनमें ग्रामीण और शहरी स्कूल भी हैं। इसके लिए इस प्रशिक्षण में विद्यालयों द्वारा नामित प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों ने भाग लिया। शिक्षकों के लिए कार्यान्वयन गाइड, प्रशिक्षण मैनुअल और एचपीसी पर वीडियो और अन्य संसाधन सामग्री को स्कूलों के साथ साझा किया गया। नमूना कार्य-आधारित पाठ योजना, और डीजी, सक्षमताओं और एलओ का सुझावात्मक प्रतिचित्रण तैयार किया गया व पायलट स्कूलों के साथ साझा किया गया।

**सीबीएसई एचपीसी** पोर्टल एचपीसी के डिजिटल संस्करण का उपयोग करने के लिए स्कूलों की सुविधा के लिए स्वसंस्थांतर्गत तैयार किया गया है और पायलट में शामिल स्कूलों के लिए उपलब्ध है। सीबीएसई द्वारा रिपोर्ट तैयार करने के उद्देश्य से बेसलाइन और मिडलाइन डेटा एकत्र करने के लिए प्रधानाचार्यों और शिक्षकों के लिए फीडबैक टूल और ऑब्जर्वेशन टूल को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इन पहलों के अनुवर्ती कार्य के रूप में कक्षा 9 से 12 के लिए रूपरेखा तैयार की जाएगी।

**मूलभूत साक्षरता और अंकज्ञान**

सीबीएसई ने एफएलएन (FLN) मिशन के उद्देश्यों को लागू करने के लिए सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों के लिए उदाहरण के रूप में ऑनलाइन और मिश्रित शिक्षक प्रशिक्षण मॉड्यूल और सामग्री विकसित की है। एफएलएन पर तीन एमओओसी के तहत आठ मॉड्यूल तैयार किए गए हैं और अब तक लगभग 102182 शिक्षकों ने प्रशिक्षण के लिए पंजीकरण कराया है और 62060 शिक्षकों को इन मॉड्यूल पर प्रशिक्षित किया गया है। एक माइक्रोसाइट बनाई गई है जो http://cbseacademic.nic.in/fln/ पर है।

कक्षा 1 से 5 तक प्रत्येक कक्षा के लिए सक्षमता आधारित 500 प्रश्नों का एक प्रश्न बैंक सीबीएसई एफएलएन माइक्रोसाइट पर उपलब्ध है। सीबीएसई स्कूलों के लिए निपुण भारत दिशानिर्देशों पर सत्र भी आयोजित किए गए हैं।

प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के सहयोग से पठन आकलन सहित एक फाउंडेशनल पठन पाठ्यक्रम विकसित किया गया है और सीबीएसई एफएलएन माइक्रोसाइट पर 'अंग्रेजी भाषा' के लिए एकीकृत किया गया है। सीबीएसई ने सामग्री की समीक्षा और संवर्धन के लिए 12 भारतीय भाषाओं के विशेषज्ञों को नियुक्त किया और सामग्री की 10 भारतीय भाषाओं में सफलतापूर्वक समीक्षा की गई। सीबीएसई एफएलएन माइक्रोसाइट पर ग्रेड 1 से 5 के लिए सक्षमता आधारित 500 प्रश्नों का एक प्रश्न बैंक उपलब्ध है।

बोर्ड शैक्षणिक वर्ष 2023-24 से मूलभूत चरणों 2022 के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा को औपचारिक रूप से अपनाने की प्रक्रिया में है। इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश सत्र 2023-24 के प्रारंभ होने से पूर्व विद्यालयों को अधिसूचित कर दिये जायेंगे।

### सीबीएसई के स्कूल गुणवत्ता आश्वासन और आकलन ढांचे (SQAA) का शुभारंभ

सीबीएसई को केंद्रीय मंत्रालयों/ संगठनों/ विभागों द्वारा चलाए जा रहे केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों और अन्य प्रकार के स्कूलों के लिए मानक निर्धारण प्राधिकरण (SSA) के रूप में कार्य करने और ऐसे मानकों की रूपरेखा तैयार करने के लिए अधिदेशित किया गया है जिनके समक्ष इन स्कूलों का मूल्यांकन गुणवत्ता हस्तक्षेप के लिए किया जा सकता है। शुरू किया गया गुणवत्ता आकलन ढांचा स्कूलों को परिभाषित मानकों के समक्ष स्व मूल्यांकन करने और रचनान्तरणपरक परिवर्तन को आधायित करने में सक्षम बनाएगा। यह स्कूलों को गुणात्मक निर्देश चिह्न प्रदान करेगा जिसके आधार पर वे अपने स्व सुधार को चार्टर/प्रबंधित कर सकते हैं। पाठ्यचर्या, शिक्षाशास्त्र और आकलन (40%), बुनियादी ढांचा (10%), मानव संसाधन (10%), समावेशी पद्धतियाँ (10%), प्रबंधन और शासन (10%), नेतृत्व (10%), लाभार्थी संतुष्टि (10%) के लिए स्कूल प्रकार्यों और भारांक/भारिता के विभिन्न 7 क्षेत्रों में मानक तैयार किए गए हैं।

### अब तक की प्रगति

- केवी, जेएनवी, सरकारी, ग्रामीण क्षेत्र और शहरी क्षेत्र के स्कूलों का प्रतिनिधित्व करने वाले 204 विभिन्न स्कूलों में अग्रगामी अध्ययन आयोजित किया गया।
- सफल क्रियान्वयन के लिए दीक्षा पर आईटी प्लेटफॉर्म विकसित किया गया।
- संसाधनों और प्रक्रियाओं के साथ ढांचे के कार्यान्वयन के लिए प्लेबुक के रूप में विस्तृत दिशा-निर्देश विकसित किए गए।
- केवीएस और एनवीएस के 25 प्राचार्यों को रूपरेखा पर प्रत्येक नौ दिनों के तीन अलग-अलग व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रशिक्षित किया गया।
- विद्यालयों को सहायता प्रदान करने के लिए प्रधानाचार्यों के एक समूह को संरक्षक के रूप में प्रशिक्षित किया गया।

### वर्ष के दौरान छात्र संवर्धन गतिविधियाँ: आजादी का अमृत महोत्सव समारोह

आज़ादी का अमृत महोत्सव (AKAM) के चल रहे समारोह के भाग के रूप में, सत्र 2022-23 के लिए, बोर्ड द्वारा इंडिया @2047 विषय-वस्तु पर आधारित कई छात्र-संवर्धन गतिविधियां आयोजित की गईं।

| Sl. No. | Name of Activity | Participation/ Target population |
|---|---|---|
| 1 | Expression Series on Yoga for Fitness | 307693 students |
| 2 | Aryabhatta Ganit Challenge | 5,34,694 Students |
| 3 | Expression Series Quarter 2 On Tourism in India | 222922 students |
| 4 | CBSE Reading Challenge | 3.6 Lakh students |
| 5 | Heritage India Quiz on Azadi ka Amrit Mahotsava | 8053 Students |
| 6 | Expression Series Quarter 3 on My India @2047 | 331480 Students participated |
| 7 | SAHODAYA Conference On the theme: Education 4.0- Reinventing Education for 2030 and beyond | 820 Principals |
| 8 | Science Exhibition on the theme Technology and Toys | Participation of approximately 3200 teams in the regional exhibitions |
| 9 | CBSE Sports and Games Competition | Approximately 4 Lakh students |



**जीवन कौशल, स्वास्थ्य और कल्याण कार्यक्रम में किशोर समकक्षी शिक्षक नेतृत्व**

सीबीएसई नेएक्सप्रेशन इंडिया के सहयोग से छात्रों के जीवन कौशल को संवर्धित करने, समग्र स्वास्थ्य और कल्याण के लिए किशोर समकक्षी शिक्षक नेतृत्व कार्यक्रम शुरू किया। शारीरिक, मानसिक और पारस्परिक विकास की वैचारिक रूपरेखा के साथ, श्रृंखलाबद्धअभिविन्यास कार्यक्रमों के माध्यम से इस पहल के कार्यान्वयन के पहले चरण को आगे ले जाने के लिए कुछ अति महत्वपूर्ण विषयों की पहचान की गई। स्कूल व्यापक अभिविन्यास कार्यक्रम में भाग लेने के लिए चार वरिष्ठ छात्रों (समकक्षी शिक्षक) - कक्षा IX और XI से प्रत्येक में दो और 4 समकक्षी/ समसमूह शिक्षकों का समर्थन करने के लिए एक शिक्षक और स्कूल काउंसलर / वेलनेस टीचर को नामांकित करते हैं। अभी तक 1297 विद्यालयों के 4369 विद्यार्थियों एवं 2554 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

**जीवन कौशल, मानसिक स्वास्थ्य, सुरक्षा, कल्याण 2022 पर सीबीएसई राष्ट्रीय किशोर शिखर सम्मेलन**

एक्सप्रेशन इंडिया के सहयोग से 15 से 17 दिसंबर 2022 तक जीवन कौशल, मानसिक स्वास्थ्य, सुरक्षा, कल्याण 2022 पर तीन दिवसीय सीबीएसई राष्ट्रीय किशोर शिखर का आयोजन किया गया। 3 दिवसीय शिखर सम्मेलन में देश भर के 156 स्कूलों (सरकारी और पब्लिक स्कूलों) के लगभग 800 छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया।



**सीबीएसई पठन चुनौती**

प्रश्न एमसीक्यू प्रारूप में प्रस्तुत किए गए शिक्षार्थियों के बीच पठन साक्षरता को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए, सीबीएसई ने अंग्रेजी और हिंदी भाषाओं के लिए 6ठी से 10वीं कक्षा के छात्रों के लिए सीबीएसई पठन चुनौती के चौथे संस्करण का आयोजन किया।

यह चुनौती अक्टूबर नवंबर 2022 के दौरान सीबीएसई प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध थी। कक्षा 6 से 10वीं तक के छात्र इस संवर्धन गतिविधि में शामिल हुए और उन्हें फिल्म समीक्षा, पोस्टर, उद्धरण, कार्टून, ब्लॉग, इंस्टाग्राम पोस्ट आदि जैसे विभिन्न प्रकार के प्रामाणिक पठन पाठ्यांश प्रदान किए गए थे; और नवोन्मेषी, आकर्षक थे।

जहां पहले राउंड में 3.6 लाख ने भाग लिया, वहीं दूसरे राउंड में 25,000 छात्रों ने भाग लिया।

**वीर गाथा**

विद्यालय शिक्षा और साक्षरता विभाग और रक्षा मंत्रालय ने 6 अक्टूबर से 30 नवंबर 2022 तक छात्रों के बीच साहसिक कार्यों और बहादुरों की जीवन गाथाओं के विवरण का प्रचार-प्रसार करने के लिए वीर गाथा 2.0 परियोजना का आयोजन किया। स्कूलों ने छात्रों द्वारा तैयार वीरता पुरस्कार विजेताओं पर सर्वश्रेष्ठ चयनित परियोजनाएं/प्रविष्टियां जमा की। क्षेत्रीय स्तर के मूल्यांकन के बाद, सीबीएसई स्कूल और राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों से संयुक्त रूप से 25 सर्वश्रेष्ठ परियोजनाओं का चयन किया जाएगा। इन्हें 25 जनवरी, 2023 को रक्षा मंत्रालय (MoD) और शिक्षा मंत्रालय (MoE) द्वारा सम्मानित किया जाएगा। सीबीएसई स्कूलों से कुल 37193 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं, जिनमें से सत्र 2022-23 के दौरान 17,64,345 छात्रों ने भाग लिया।

**नवोदित लेखक कार्यक्रम**

नियमित रूप से पढ़ने और लिखने की आदत को और बढ़ावा देने के लिए 23 अगस्त 2022 को नवोदित लेखक कार्यक्रम शुरू किया गया था। इस कार्यक्रम से छात्रों को विभिन्न प्रकार की कहानियों को पढ़ने, अपनी रचनात्मकता का पता लगाने, प्रभावी ढंग से लिखना सीखने और अपने कार्य पर गर्व करने के लिए एक मंच मिला है जहां वे लघु कथाएँ लिखते हैं और उन्हें प्रकाशित कराने का मौका मिलता है।

इस कार्यक्रम के लिए लगभग 7309 छात्रों ने पंजीकरण कराया, और बोर्ड को लगभग 2,000 लघु कथाएँ (1840 अंग्रेजी में और 228 हिंदी में) प्राप्त हुईं। प्रविष्टियों का मूल्यांकन जनवरी 2023 से शुरू होगा।

**कक्षा 9-10 के लिए गणित और विज्ञान की संसाधन पुस्तकें**

सीबीएसई द्वारा थिंकटैंक के सहयोग से प्रमुख गणितीय/वैज्ञानिक दक्षताओं पर ध्यान केन्द्रित करने वाली ये कार्यपुस्तिकाएँ विकसित की गई हैं।

इन कार्यपुस्तिकाओं में विषयों के रूप में व्यवस्थित प्रश्नों की एक श्रृंखला है, जिन्हें संबंधित कक्षा की पाठ्यचर्या की अवधारणाओं के के साथ प्रतिचित्रित किया गया है। प्रत्येक थीम में वास्तविक जीवन की स्थिति का वर्णन करने वाली अनेक केस स्टडी हैं।

केस के बाद के प्रश्नों के लिए छात्रों को पाठ्यचर्या में सीखी गई अवधारणाओं को याद करने और लागू करना अपेक्षित होता है। इसमें गणितीय/वैज्ञानिक डेटा की व्याख्या करने और निष्कर्ष निकालने की क्षमता निहित है। ये कार्यपुस्तिकाएँ शिक्षार्थियों को वास्तविक जीवन की समस्या को गणितीय समस्या के रूप में देखने, गणितीय/वैज्ञानिक प्रक्रियाओं और साधनों को याद करने और लागू करने, गणितीय परिणामों की व्याख्या करने और निष्कर्ष निकालने की क्षमता विकसित करने में सहायता करने के लिए डिज़ाइन की गई हैं। ये लिंक https://cbseacademic.nic.in/manual.html पर उपलब्ध हैं।

**सक्षमता केंद्रित शिक्षा**

सीबीएसई ने सक्षमता केंद्रित शिक्षा (सीबीई) को लागू करने के लिए एनसीईआरटी द्वारा दिए गए अधिगम परिणामों को अपनाया है। सीबीई को लागू करने के लिए एक आवश्यक अपेक्षा के रूप में बोर्ड द्वारा अनुभवजन्य शिक्षणशास्त्र को अधिदेशित किया गया है। सीबीएसई ने आकलन में उत्कृष्टता केंद्र (सीईए) भी शुरू किया है। सीबीएसई स्कूलों में सीबीई के कार्यान्वयन को सुविधाजनक बनाने के लिए कई संसाधन तैयार किए गए हैं। एक माइक्रोसाइट सीबीई संसाधन लिंक https://cbseacademic.nic.in/cbe/ पर उपलब्ध है।

**सक्षमता-केंद्रित आइटम/एकांश पुस्तिकाएं**

इन पुस्तिकाओं में सक्षमता-केंद्रित आइटम शामिल हैं, जो एनसीईआरटी पाठ्यचर्या से संरेखित हैं और विशेष रूप से वैचारिक समझ और अवधारणाओं के अनुप्रयोग का परीक्षण करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं, ये उन अधिगम परिणामों को ध्यान में रखते तैयार किए गए हैं जो छात्रों को समझने और दक्ष होने के लिए महत्वपूर्ण हैं। ये आइटम व्यक्तिनिष्ठ प्रश्नों और बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQs) का मिश्रण हैं।

इन आइटम पुस्तिकाओं का उद्देश्य शिक्षकों को उच्च गुणवत्ता वाली सक्षमता-आधारित आइटम/एकांशों के नमूने प्रदान करना है ताकि वे इन्हें समझ सकें और उन्हें इस तरह के और आइटम बनाने के लिए प्रोत्साहित हों।
छात्र इस दस्तावेज़ का उपयोग विभिन्न प्रकार के प्रश्नों को समझने और विशिष्ट अवधारणाओं और दक्षताओं का अभ्यास करने के लिए भी कर सकते हैं। पुस्तिकाएं https://cbseacademic.nic.in/manual.html पर उपलब्ध हैं।

### सीबीएसई-सीवीसी निबंध लेखन प्रतियोगिता

प्रतियोगिता के तीन चरण थे। विद्यालयों द्वारा प्रथम स्तर का मूल्यांकन किया गया। स्कूलों द्वारा अपलोड की गई सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों का क्षेत्रीय स्तर पर मूल्यांकन किया गया।

क्षेत्रीय स्तर पर चुनी गई सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों का राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यांकन किया गया।

राष्ट्रीय स्तर के मूल्यांकन के बाद, 05 सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों का चयन किया गया और 3 नवंबर 2022 को विज्ञान भवन में भारत के माननीय प्रधान मंत्री द्वारा सम्मानित किया गया।

| | |
|---|---|
| CBSE, in collaboration with Central Vigilance Commission, organized an Essay Writing Competition from 3rd to 11th October, 2022 for students of Classes 10th to 12th in CBSE affiliated schools all over the country. No. of Students participated | 765951 |
| No. of Schools Registered in the Competition | 10246 |
| No. of Districts involved | 664 |
| No. of States / UT involved | 36 |

## सीबीएसई खेल-कूद व क्रीड़ा प्रतियोगिताएं

- सीबीएसई हर वर्ष स्वतंत्र श्रेणी के तहत अपने संबद्ध स्कूलों के छात्रों के लिए खेल आयोजन करता है।
- खेल आयोजन क्लस्टर/ ज़ोनल और राष्ट्रीय स्तर पर लड़कों और लड़कियों के लिए अलग-अलग आयु-समूहों में अलग-अलग आयोजित किए जाते हैं। क्लस्टर और जोनल स्तर की प्रतियोगिताओं के विजेता राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेते हैं।
- 23 खेल आयोजनों में एथलेटिक्स, तीरंदाजी, एरोबिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, मुक्केबाजी, शतरंज, जिम्नास्टिक, फुटबॉल, हैंडबॉल, हॉकी, जूडो, खो-खो, कबड्डी, स्केटिंग, तैराकी, राइफल-शूटिंग, रस्सी कूदना, तायक्वोंडो, टेनिस, टेबल-टेनिस, वॉलीबॉल और योग शामिल हैं।
- सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र दिए जाते हैं। विजेताओं को स्वर्ण /रजत/कांस्य पदक और मेरिट सर्टिफिकेट दिए जाते हैं।
- सीबीएसई खेल आयोजनों के आयोजन के लिए एक ऑनलाइन प्रणाली उपलब्ध है।
- खिलाड़ियों को एक विशिष्ट यूआईडी के साथ ऑनलाइन पंजीकृत किया जाता है और कार्यक्रमों के बाद परिणाम भी सीबीएसई खेल-कूद वेबसाइट पर अपलोड किए जाते हैं।
- सीबीएसई आयोजक स्कूलों के लिए खेल अनुदान देता है। क्लस्टर/जोन स्तर के लिए 2 लाख रुपये और राष्ट्रीय स्तर के लिए 3 लाख रुपये का खेल अनुदान दिया जाता है।
- सत्र 2022-23 के दौरान, पूरे भारत में 280 आयोजन स्कूलों में क्लस्टर/ क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर खेल आयोजन किए गए।
- इस सत्र के दौरान आयोजित सीबीएसई खेल आयोजनों में लगभग 4 लाख छात्रों ने भाग लिया।
- सीबीएसई राष्ट्रीय खेल आयोजनों के विजेता युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के खेलो-इंडिया कार्यक्रम में भाग लेते हैं।

# सीबीएसई खेलकूद व क्रीड़ा प्रतियोगिताएं



















# शिक्षक प्रशिक्षण

सीबीएसई ने बोर्ड से संबद्ध स्कूलों में शिक्षकों के सेवाकालीन प्रशिक्षण पर ध्यान देने के साथ 16 उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) स्थापित किए हैं। स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बनाए रखने के लिए सतत व्यावसायिक विकास (सीपीडी) महत्वपूर्ण है।

सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों में प्रत्येक शिक्षक से एक वर्ष में सीबीएसई द्वारा आयोजित कम से कम 25 घंटे के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने की अपेक्षा की जाती है। प्रशिक्षण दो श्रेणियों के तहत दिया जाता है; सामान्य और विषय विशिष्ट। दसवीं और बारहवीं कक्षा के विषयों और 22 सामान्य पाठ्यक्रमों के साथ संरेखित 23 प्रशिक्षण पाठ्यक्रम हैं।

### सामान्य प्रशिक्षण कार्यक्रम

| S. No | Capacity Building Programs (CBP) |
|---|---|
| 1. | Adolescent Education Program |
| 2. | Art Integration |
| 3. | Career Guidance |
| 4. | Classroom Management |
| 5. | Critical & Creative Thinking |
| 6. | Cyber Safety & Security |
| 7. | Environmental Studies (Elementary Classes) |
| 8. | Ethics & Integrity |
| 9. | Experiential Learning |
| 10. | Gender Sensitivity in Schools |
| 11. | Happy Classrooms |
| 12. | Inclusive Education |
| 13. | Leading Transformation |
| 14. | Learning outcomes & Pedagogies |
| 15. | Life skills (Basic) |
| 16. | Life skills (Advance) |
| 17. | National Education Policy 2020 |
| 18. | School Libraries |
| 19. | Strengthening Assessment & Evaluation Practices |
| 20. | Stress Management |
| 21. | Values Education |
| 22. | School Health and Wellness |

### कोविड के दौरान ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र

व्यवधान से बचने के लिए भौतिक प्रशिक्षण के विकल्प के रूप में ऑनलाइन प्रशिक्षण को शिक्षक प्रशिक्षण की वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में माना गया।

रिपोर्ट अवधि के दौरान एक घंटे की अवधि के 7556 ऑनलाइन सत्र आयोजित किए गए। इसी तरह, 16 सीओई द्वारा 1259 ऑफ़लाइन क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें 68,694 शिक्षकों ने भाग लिया।

- अधिगम अनुकूल वातावरण पर एक ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम गूगल क्लासरूम पर शुरू किया गया। कुल मिलाकर 18184 शिक्षकों ने इस कोर्स को पूरा किया।
- सक्षमता-आधारित शिक्षा पर ब्रिटिश काउंसिल के साथ साझेदारी में शिक्षकों के लिए 18 घंटे का ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किया गया था। ऐसे 87 कार्यक्रमों में 2712 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया।
- रेनजुली सेंटर फॉर क्रिएटिविटी, गिफ्टेड एजुकेशन एंड टैलेंट डेवलपमेंट, यूनिवर्सिटी ऑफ कनेक्टिकट, यूएसए द्वारा डिजाइन किए गए विद्यालयी संवर्धन कार्यक्रम पर एक प्रशिक्षण फरवरी-मार्च 2022 के बीच कुल 1064 शिक्षकों के लिए आयोजित किया गया था।
- परीक्षा के तनाव से निपटने पर विशेष बल देते हुए "तनाव प्रबंधन" पर माता-पिता के लिए 44 वेबिनार आयोजित किए गए और इनमें फरवरी और मार्च 2022 के दौरान 22,313 माता-पिता ने भाग लिया।
- उत्कृष्टता केंद्र प्रमुखों और प्रशिक्षण इकाई के सीबीएसई के अधिकारियों के लिए अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से 4-6 मई, 2022 तक एक अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया था।
- यूनेस्को के सहयोग से 16-20 अगस्त, 2022 और 22-26 अगस्त, 2022 को CIET NCERT में दो बैचों में एक भावी संसाधक (PRP) कार्यक्रम आयोजित किया गया था। 192 भावी संसाधक (PRPs) प्रशिक्षित किए गए।



## समावेशी शिक्षा पर राष्ट्रीय सम्मेलन

समावेशी शिक्षा पर अक्टूबर 2022 में जम्मू में समावेशी शिक्षा पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया था, जिसमें विशिष्ट छात्रों के लिए उचित सामान्य शिक्षा कक्षाओं, उच्च गुणवत्ता वाले अनुदेशों, हस्तक्षेपों और समर्थन पर ध्यान केंद्रित किया गया था ताकि वे मुख्य पाठ्यचर्या क बेहतर ढंग से संभालने में सक्षम हो। इस सम्मेलन के लिए 409 प्रधानाचार्यों/ शिक्षकों ने पंजीकरण कराया और 28 प्रतिभागियों ने सम्मेलन के विभिन्न उप विषयों पर अपने पेपर प्रस्तुत किए।

## सीबीएसई से संबद्ध राज्य सरकार के स्कूलों के लिए विशेष प्रशिक्षण अभियान

हाल ही में, यूटी लद्दाख के सभी 124 माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक सरकारी स्कूलों को सीबीएसई से संबद्ध किया गया है। इसी तरह आंध्र प्रदेश के 1000 सरकारी स्कूल सीबीएसई से जुड़े। संक्रमण काल के दौरान परिवर्तनों की देखरेख के लिए संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के संबंधित शिक्षा विभागों के सहयोग से इन स्कूलों के लिए विशेष प्रशिक्षण अभियान चलाया गया। ये कार्यक्रम अप्रैल और दिसंबर 2022 के बीच आयोजित किए गए थे। कई अन्य राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों ने इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सीबीएसई से संपर्क किया है।

## प्रशिक्षण एमआईएस पोर्टल - प्रशिक्षण त्रिवेणी

राष्ट्रीय शिक्षा नीति, (NEP) 2020 की सिफारिश है कि प्रत्येक स्कूल को कम से कम 50 घंटे के सतत व्यावसायिक विकास (CPD) कार्यक्रम में अपने सभी शिक्षकों की भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए।



सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों में दस लाख से अधिक शिक्षकों के साथ, प्रत्येक शिक्षक के 50 घंटे के सतत व्यावसायिक विकास (CPD) के डेटा की निगरानी और प्रबंधन और दिन-प्रतिदिन के आधार पर प्रशिक्षण गतिविधियों से संबंधित जानकारी की प्रभावी निगरानी और पुनर्प्राप्ति के लिए, एक समर्पित एमआईएस पोर्टल "प्रशिक्षण त्रिवेणी" 15 दिसंबर 2022 को https://cbseit.in/cbse/2022/ET/frmListing URL के साथ लॉन्च किया गया था।



# कौशल शिक्षा

सीबीएसई मिडल विद्यालय स्तर पर 12 घंटे के 11 कौशल मॉड्यूल, माध्यमिक स्तर पर 19 कौशल विषय और वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर 39 कौशल विषय प्रदान करता है।

### माध्यमिक कक्षाएं

कक्षा IX – 16,676 विद्यालय; 12,95,618 अभ्यर्थी

कक्षा X – 15,168 विद्यालय; 10,70,274 अभ्यर्थी




### वरिष्ठ माध्यमिक कक्षाएं

कक्षा XI – 6,180 विद्यालय; 2,01,772 अभ्यर्थी

कक्षा XII – 5,132 विद्यालय; 1,65,682 अभ्यर्थी




### कौशल शिक्षा को बढ़ावा देना: कॅरियर मार्गदर्शन

कौशल विषयों के साथ बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाले सीबीएसई के छात्रों के लिए कॅरियर और शिक्षा दिशाओं का एक संकलन तैयार किया गया था।

सीबीएसईने लाइफोलॉजी फाउंडेशन के सहयोग से आठवीं-बारहवीं कक्षा के छात्रों और अभिभावकों के लिए भावी कॅरियर और कौशल सेट के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय मार्गदर्शन महोत्सव का आयोजन किया।



### स्किल एक्सपो सह जागरूकता कार्यशालाएं



ब्यूटी एंड वेलनेस, अपैरल, फैशन स्टडीज, टेक्सटाइल डिजाइन, कंप्यूटर एप्लीकेशन और टाइपोग्राफी परविशेष बल देने के साथ तीन स्किल एक्सपो सह जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन किया गया, जिसमें 4500 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# अग्रणी उद्योगों के साथ सहयोग

स्कूलों में उभरती प्रौद्योगिकियों का उद्भासन करने और उन्हें अपनाए जाने संबंधी अपने प्रयासों में, सीबीएसई ने अनेक गतिविधियों को आयोजित करने के लिए उद्योगों और क्षेत्र विशेषज्ञों के साथ भागीदारी की।

- गूगल इंडिया के साथ 'बी इंटरनेट ऑसम' पर प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए, जो ऑनलाइन दुनिया का समन्वेषण करते समय शिक्षार्थियों और सुविधाकर्ताओं की सुरक्षा के लिए एक कार्यक्रम है।
- ARM स्कूल प्रोग्राम (ASP) के साथ जागरूकता कार्यक्रम "परियोजना-आधारित अधिगम के माध्यम से कम्प्यूटिंग में शिक्षार्थियों को शामिल करना और प्रेरित करना"। इस सत्र में प्रतिभागियों को फिजिकल कंप्यूटिंग और इसे परियोजना आधारित अधिगम के माध्यम से कैसे लागू किया जाए, के बारे में बताया गया।
- फ्यूचर स्किल्स प्राइम प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध स्व-गति अधिगम मॉड्यूल के संक्षिप्त अवलोकन के साथ 'आज की प्रौद्योगिकी पर शिक्षकों के कौशल विकास' के लिए नैसकॉम के सहयोग से श्रृंखलाबद्ध वेबिनार आयोजित किए गए।
- सीबीएसई ने मेटा के सहयोग से छठी से आठवीं कक्षा के छात्रों के लिए 'डिजिटल नागरिकता' और 'एआर/वीआर' पर कौशल मॉड्यूल लॉन्च किया। इन विषयों पर शिक्षकों का प्रशिक्षण भी नियमित रूप से किया जा रहा है।
- कक्षा 9-12 में कृत्रिम मेधा (AI) पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए इंटेल और आईबीएम के सहयोग से नियमित शिक्षक प्रशिक्षण आयोजित किए गए।

### अन्य पहल और सहयोग

- सीबीएसई, जीवितम के सहयोग से देश भर के शिक्षकों के लिए 'वित्तीय साक्षरता और डिजिटल साधनों' पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। प्रशिक्षण मॉड्यूल राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा केंद्र द्वारा जारी दिशा-निर्देशों पर आधारित है और प्रशिक्षकों को सेबी/सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत प्रमाणित किया जाता है।
- अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE) के समन्वय के साथ शिक्षा मंत्रालय के नवाचार प्रकोष्ठ (MIC) ने स्मार्ट इंडिया हैकथॉन (SIH) 2022 का शुभारंभ किया ताकि छात्रों को समस्या समाधानकर्ता और नवप्रवर्तक के रूप में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने में सक्षम बनाया जा सके। MIC और भारतीय डिजाइन संस्थान, मुंबई के सहयोग से 'डिजाइन थिंकिंग एंड इनोवेशन' पर कौशल मॉड्यूल भी तैयार किया गया है।
- सीबीएसई ने AICTE, शिक्षा मंत्रालय के नवाचार प्रकोष्ठ और जनजातीय कार्य मंत्रालय के सहयोग से 'स्कूल इनोवेशन एंबेसडर ट्रेनिंग प्रोग्राम' आयोजित किया, जहां शिक्षकों को इनोवेशन एंबेसडर के रूप में प्रशिक्षित किया गया। स्कूलों में नवाचार प्रकोष्ठ भी स्थापित किए जाएंगे।
- सीबीएसई-इंटेल AI ग्लोबल इम्पैक्ट फेस्टिवल 2022 AI नवाचार और प्रभाव को दर्शाने के लिए अगली पीढ़ी के प्रौद्योगिकीविदों और शिक्षकों, शिक्षाविदों और सरकारी भागीदारों के लिए आयोजित किया गया था।
- सीबीएसई ने माइक्रोसॉफ्ट के सहयोग से 'सीबीएसई कोडिंग चुनौती 2022' का आयोजन किया, ताकि छात्रों को विभिन्न प्रचलित वास्तविक जीवन के मुद्दों के बारे में जानने के लिए एक मंच प्रदान किया जा सके और कोडिंग कौशल का उपयोग करके विषयों से संबंधित समस्याओं को हल करने के लिए अभिनव समाधान तैयार किए जा सके।
- विद्यार्थियों के लिए पायलट आधार पर माइक्रोसॉफ्ट के साथ उद्योग आबन्धता और प्रौद्योगिकी उद्भासन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस उद्भासन से 2500 से अधिक छात्र लाभान्वित हुए हैं।



# नए प्रकाशन


ARTIFICIAL INTELLIGENCE CURRICULUM
Class 6-8
Facilitator Handbook


Grade 6
Digital Citizenship
Level 1


Microsoft
INTRODUCTION TO CODING
GRADE VI
Student Handbook


TRAVEL & TOURISM
STUDY MATERIAL
CLASS VI


Financial Literacy
Student Workbook
Class-VI
NPCI


Mass Media
BEING MEDIA LITERATE
Classes VI to VIII


BEAUTY AND WELLNESS
CLASS - VI
FOOT CARE: PEDICURE


Beauty and Wellness
POSTURE AND TYPES
Class -VI


Time
MANAGEMENT
CLASS VI


Beauty and Wellness
CLASS VI
Let's stand up against
BULLYING

# परीक्षा 2022

2021-2022 के लिए परीक्षा दो टर्म्स: टर्म-I और टर्म-II में आयोजित की गई थी।

| Details of Board Exams 2022 |
|---|
| • No. of Registered Candidates: 35,53,549 |
| • No. of Subjects offered: Class X-75, Class XII- 114 |
| • Days of Examination: 51 days |
| • No. of Exam Centre: 7405 |
| • No. of Rooms used: 197419 |
| • Staff engaged in Examinations duties: 405944 |
| • No. of Evaluation Centres (CNS): 1857 |
| • No. of Independent Head Examiners (IHE): 98 |

**युक्तिसंगत पाठ्यक्रम**

सत्र के दौरान कोविड के कारण अधिगम-शिक्षण के समय के नुकसान के कारण सीबीएसई ने पाठ्यक्रम को 30% तक युक्तिसंगत बनाया। इसके बाद इसे दो टर्म परीक्षाओं में समान रूप से बांटा गया ताकि छात्र और अधिक केंद्रित अधिगम कर सकें और परीक्षा संबंधी तनाव को कम करने में मदद मिल सके।

**टर्म- I और टर्म- II परीक्षाओं का भारांक /भारिता**

सभी हितधारकों के साथ व्यापक चर्चा के बाद, बोर्ड ने दोनों योजनाओं के टर्म I और II के थ्योरी पेपरों को क्रमश: 30% और 70% वेटेज देने का निर्णय लिया। दोनों टर्म्स की प्रैक्टिकल परीक्षाओं को बराबर वेटेज/भारिता/भारांक दिया गया।



**वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परीक्षा (बारहवीं कक्षा परिणाम 2022)**

| | |
|---|---|
| Duration of Examination | 26 April 2022 to 15 June 2022 |
| Date of Result Declaration | 22 July 2022 |

| Overall Pass Percentage (Full Subjects) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Year | Registered | Appeared | Passed | Pass% |
| 2019 | 1218393 | 1205484 | 1005427 | 83.40 |
| 2020 | 1203595 | 1192961 | 1059080 | 88.78 |
| 2021 | 1369745 | 1304561 | 1296318 | 99.37 |
| 2022 | 1444341 | 1435366 | 1330662 | 92.71 |

| Gender wise Pass % (Full Subjects) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| GENDER | 2019 | 2020 | 2021 | 2022 | Girls performed betterthan Boys by 3.29 % |
| Girls | 88.70 | 92.15 | 99.67 | 94.54 | |
| Boys | 79.40 | 86.19 | 99.13 | 91.25 | |
| Transgender | 83.33 | 86.19 | 100 | 100.00 | |



| Institution-wise Comparative Performance 2022 (Full Subjects) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | Institutions | Pass % 2019 | Pass % 2020 | Pass % 2021 | Pass % 2022 |
| 1 | JNV | 96.62 | 98.70 | 99.94 | 98.93 |
| 2 | CTSA | 96.06 | 98.23 | 100 | 97.96 |
| 3 | KV | 98.54 | 98.62 | 100 | 97.04 |
| 4 | GOVT AIDED | 88.49 | 91.56 | 99.48 | 94.81 |
| 5 | GOVT | 87.17 | 94.94 | 99.72 | 93.38 |
| 6 | INDEPENDENT | 82.59 | 88.22 | 99.22 | 92.20 |

| Performance of CWSN candidates (Full Subjects) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Year | Registered | Appeared | Passed | Pass% |
| 2019 | 3386 | 3260 | 2942 | 90.25 |
| 2020 | 2536 | 2475 | 2269 | 91.68 |
| 2021 | 3925 | 3925 | 3909 | 99.59 |
| 2022 | 4511 | 4395 | 4092 | 93.11 |

| Number of Candidates placed in Compartment (Full Subjects) | | |
|---|---|---|
| Year | Number of Candidates | Percentage |
| 2019 | 99207 | 8.23 |
| 2020 | 87651 | 7.35 |
| 2021 | 6149 | 0.47 |
| 2022 | 67743 | 4.72 |

## माध्यमिक विद्यालय परीक्षा (दसवीं कक्षा का परिणाम 2022)

| | |
|---|---|
| Duration of Examination | 26 April 2022 to 24 May 2022 |
| Date of Result Declaration | 22 July 2022 |

| Total number of Schools and Exam centers (Full Subjects) | | |
|---|---|---|
| Year | Number of Schools | Number of Exam Centers |
| 2019 | 19298 | 4974 |
| 2020 | 20387 | 5377 |
| 2021 | 21467 | -- |
| 2022 | 22731 | 7405 |

| Overall Pass Percentage (Full Subjects) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Year | Registered | Appeared | Passed | Pass% |
| 2019 | 1774299 | 1761078 | 1604428 | 91.10 |
| 2020 | 1885885 | 1873015 | 1713121 | 91.46 |
| 2021 | 2113767 | 2097128 | 2076997 | 99.04 |
| 2022 | 2109208 | 2093978 | 1976668 | 94.40 |

| Number of Candidates placed in Compartment (Full Subjects) | | |
|---|---|---|
| Year | Number of Candidates | Percentage |
| 2019 | 138705 | 7.88 |
| 2020 | 150198 | 8.02 |
| 2021 | 17636 | 0.84 |
| 2022 | 107689 | 5.14 |



| Gender wise Pass % (Full Subjects) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| GENDER | 2019 | 2020 | 2021 | 2022 | |
| Girls | 92.45 | 93.31 | 99.24 | 95.21 | Girls performed better than Boys by 1.41% |
| Boys | 90.14 | 90.14 | 98.89 | 93.80 | |
| Transgender | 94.74 | 78.95 | 100 | 90.00 | |

| Institution-wise Comparative Performance 2022 (Full Subjects) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | Institutions | Pass % 2019 | Pass % 2020 | Pass % 2021 | Pass % 2022 |
| 1 | JNV | 98.57 | 98.66 | 99.99 | 99.71 |
| 2 | INDEPENDENT | 94.15 | 92.81 | 99.57 | 96.86 |
| 3 | KV | 99.47 | 99.23 | 100 | 96.61 |
| 4 | CTSA | 91.82 | 93.67 | 100 | 91.27 |
| 5 | GOVT | 71.91 | 80.91 | 96.03 | 80.68 |
| 6 | GOVT AIDED | 76.95 | 77.82 | 95.88 | 76.73 |

| Performance of CWSN candidates (Full Subjects) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Year | Registered | Appeared | Passed | Pass% |
| 2019 | 5352 | 5233 | 5023 | 95.99 |
| 2020 | 5984 | 5867 | 5540 | 94.43 |
| 2021 | 5387 | 5387 | 5357 | 99.44 |
| 2022 | 6284 | 6053 | 5655 | 93.42 |

## कम्पार्टमेंट परीक्षा 2022

- बारहवीं कक्षा के लिए कम्पार्टमेंट परीक्षा 23 अगस्त, 2022 को एक ही दिन आयोजित की गई थी और दसवीं कक्षा की परीक्षाएं 23 अगस्त, 2022 से 29 अगस्त, 2022 तक आयोजित की गई थीं। परिणाम निर्धारित समय के भीतर घोषित किए गए थे।

- जो अभ्यर्थी अपने परिणाम से संतुष्ट नहीं थे, उन्हें अंकों के सत्यापन का अवसर दिया गया, उनकी मूल्यांकन की गई उत्तर पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त करने और उनके उत्तर का पुनर्मूल्यांकन करने की सुविधा दी गई।

## आईटी पहल

**1) सरस – विद्यालय संबद्धता पुन: संरचित स्वचालित प्रणाली**
**आर-3.0**

“एनईपी (NEP) 2020 की सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए और “ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (EoDB)” के अनुरूप, बोर्ड की ई-संबद्धता प्रणाली को सरस के रूप में पुन: संरचित किया गया है। इसे पहली बार मार्च 2021 में लागू किया गया था।

हालाँकि, पुन: संरचना के बाद, अक्टूबर 2022 में कई नई सुविधाओं के साथ version 3.0 लागू किया गया है। इसे भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के राष्ट्रीय सिंगल विंडो प्रणाली (NSWS) के साथ भी एकीकृत किया गया है।

**2) परीक्षा संगम**

'परीक्षा संगम' नाम का एक व्यापक डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित किया गया था और परीक्षा से संबंधित सभी गतिविधियों के लिए स्कूलों, क्षेत्रीय कार्यालयों और मुख्यालय जैसे परीक्षाओं के हितधारकों को उनकी भूमिकाओं और आवश्यकताओं के अनुसार पूर्ति के लिए विकसित और लॉन्च किया गया था। इस पोर्टल में सभी आईटी प्रणालियों, परीक्षा से संबंधित सामग्री, सही डेटा का एकल स्रोत और कार्यप्रवाह आधारित डेटा प्रबंधन का समेकन किया गया है।

**3) विशेष आवश्यकता वाले छात्रों के लिए प्रलिपिक प्रबंधन प्रणाली**

प्रत्येक वर्ष, CWSN छात्र बोर्ड के नियमों के अनुसार सुविधाओं/छूटों को प्राप्त करने के लिए परीक्षा के आयोजन से ठीक पहले बोर्ड से संपर्क करते हैं। इन सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए एक ऑनलाइन प्रणाली विकसित की गई है और त्वरित स्वीकृति के लिए लागू की गई है।

**4) ऑनलाइन कार्यप्रवाह आधारित 'केंद्रीकृत प्रवेश मास्टर सुधार (CAMC)' प्रणाली**

यह ऑनलाइन प्रणाली दसवीं और बारहवीं कक्षा के परीक्षा से पूर्व के डेटा में सुधार के लिए विकसित की गई है। ये सुधार स्कूलों द्वारा किए जाते हैं और कार्य प्रवाह आधारित प्रणाली के माध्यम से क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा अनुमोदित किए जाते हैं।

**5) मूल्यांकनकर्ताओं के प्रशिक्षण हेतु पोर्टल**

पिछले मूल्यांकन के आधार पर मूल्यांकनकर्ताओं के व्यापक प्रशिक्षण और मूल्यांकन के लिए मानक स्थापित करने के लिए सी-डैक की मदद से एक पोर्टल विकसित किया गया है।

**6) परीक्षाओं और संबद्धता के लिए एकीकृत भुगतान प्रणाली (IPS)**

वास्तविक संवितरण सुनिश्चित करने के लिए, एक ऑनलाइन मानक भुगतान प्रणाली "(IPS) एकीकृत भुगतान प्रणाली" विकसित और कार्यान्वित की गई है। इसे केंद्र भुगतान, केंद्र अधीक्षक, अन्वीक्षकों, मुख्य परीक्षकों, बाहरी परीक्षकों, सीएनएस, मूल्यांकनकर्ताओं और सहायक कर्मचारियों सहित सभी परीक्षा पदाधिकारियों को पारिश्रमिक के वितरण के लिए लागू किया गया है और निरीक्षण/ समीक्षा समितियों के सदस्यों को भुगतान के लिए भी विस्तारित किया गया है।

**7) उन्नत डेटा विश्लेषण/ डेटा फोरेंसिक का उपयोग**

प्रशासित परीक्षाओं में निष्पक्षता सुनिश्चिसीबीएसई त करने के लिए सीबीएसई ने ऐसे मामलों/केंद्रों का पता लगाने के लिए उन्नत डेटा एनालिटिक्स का उपयोग किया, जहां परीक्षाओं के दौरान अनुचित साधनों के प्रयोग की उच्च संभावना थी। इस तरह के विश्लेषण के आधार पर, ऐसे परीक्षा केंद्रों की

पहचान की गई जहां डेटा से परीक्षाओं के संचालन के दौरान संभावित कदाचार के होने का संकेत मिला। परीक्षाओं की विश्वसनीयता को मजबूत करने और भविष्य में इस तरह के किसी भी कदाचार को रोकने के लिए सीबीएसई द्वारा उचित उपाय किए गए थे। इसे टर्म-1 बोर्ड परीक्षा में सफलतापूर्वक लागू किया गया था।

8) **आमेलित अंक विवरण**

कंपार्टमेंट परिणाम 2022 की घोषणा के तुरंत बाद। एक अग्रणी प्रयास के रूप में, सीबीएसई परिणामों की घोषणा के तुरंत बाद परीक्षार्थियों को डिजिटल शैक्षणिक दस्तावेज प्रदान कर रहा है। पहली बार कम्पार्टमेंट के अभ्यर्थियों के लिए कंपार्टमेंट परिणाम घोषित होने के तुरंत बाद आमेलित अंक विवरण भी प्रदान किए गए थे।

9) **परिणाम मंजूषा का सुदृढीकरण – एक सीबीएसई शैक्षणिक भंडार**

परिणाम मंजूषा आईटी विभाग, सीबीएसई द्वारा विकसित और कार्यान्वित परिणाम डेटा के एकल स्रोत के रूप में अपनी तरह का पहला ऑनलाइन भंडार है और NeGD के डिजी लॉकर के साथ एकीकृत है।

पिछले बाईस वर्षों (2001-2022) के बोर्ड परीक्षार्थियों और पांच वर्षों (2018-2022) के सीटीईटी परीक्षार्थियों के परिणाम डेटा छात्रों द्वारा शैक्षणिक दस्तावेजों को डाउनलोड करने और दाखिला और परामर्श निकायों, उच्च शिक्षा संस्थानो, और नियोक्ताओं द्वारा समय पर सत्यापन के लिए उपलब्ध है। इस भंडार में 1975 के बाद से लीगेसी परिणामों को अपलोड करने की आगे योजना है।

यह सुविधा छात्रों की मूल दस्तावेजों की आवश्यकता में कठिनाई को कम करेगा जो कि भौतिक रूप से प्राप्त करने में अधिक समय लगता है।

10) **छात्रों के डिजी लॉकर खातों को सुरक्षा पिन के आधार पर सक्रिय करना**

छात्रों के डेटा की सुरक्षा और गोपनीयता को और सुदृढ़ करने के लिए, छात्रों के डिजिलॉकर खातों के लिए 6-अंकीय सुरक्षा पिन आधारित सक्रियण शुरू किया गया है।

डिजिलॉकर खातों के सक्रिय होने के बाद, छात्र 'जारी दस्तावेज' स्तम्भ के तहत अपने डिजिटल शैक्षणिक दस्तावेज प्राप्त कर सकते हैं।



11) **एकीकृत टैली प्रणाली** (ITS): वास्तविक समय के आधार पर खातों को बनाए रखने और इसे हर समय सुलभ बनाने के लिए सभी क्षेत्रीय कार्यालयों और बोर्ड की इकाइयों में टैली अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर तक पहुँच बनाने के लिए क्लाउड सिस्टम भी लागू किया गया था।

# प्रशासनिक गतिविधियां

## कर्मचारियों का व्यावसायिक विकास प्रशिक्षण

- बोर्ड के नवनियुक्त कनिष्ठ सहायकों/ वरिष्ठ सहायकों के लिए जून 2022 में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों से कुल 119 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया।

- सीबीएसई के 30 अधिकारियों के लिए सरकारी लेखा और वित्त संस्थान (INGAF) में दिनांक 17.10.2022 से 21.10.2022 तक प्रतिदिन चार सत्रों में पांच दिवसीय अनुकूलित गैर-आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

- बोर्ड के भर्ती किए गए 30 नए कनिष्ठ सहायकों/ वरिष्ठ सहायकों के लिए सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबंधन संस्थान (ISTM) परिसर में 19.12.2022 से 30.12.2022 तक ऑफलाइन मोड में दो सप्ताह का विशिष्ट प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

## भर्ती एवं पदोन्नति

- वर्ष 2022 के दौरान कुल 230 नए अधिकारी और कर्मचारी सीधी भर्ती के माध्यम से बोर्ड में शामिल हुए।



- वर्ष के दौरान विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक के फलस्वरूप 108 कर्मचारियों को विभिन्न श्रेणियों में पदोन्नत किया गया जबकि 03 को अनुकम्पा के आधार पर नियुक्त किया गया।

## प्रशासनिक गतिविधियों का डिजिटलीकरण

बोर्ड के सभी 16 क्षेत्रीय कार्यालयों और उत्कृष्टता केंद्रों सहित पूरे सीबीएसई में ई-ऑफिस सफलतापूर्वक लागू किया गया जहां स्पैरो, ई-एचआरएमएस, वार्षिक अचल संपत्ति विवरणी (एआईपीआर) और स्टॉक की ऑनलाइन वस्तु-सूची का उपयोग किया जाता है।



पीएफ़एमएस (PFMS): **सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली**, जिसे पहले सेंट्रल प्लान स्कीम्स मॉनिटरिंग सिस्टम (CPSMS) के रूप में जाना जाता था, को भी जल्द ही सीबीएसई में लागू किया जाएगा।

# छात्र, एकल बालिका संतान एवं अधिक के लिए छात्रवृत्ति योजना

सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के सुयोग्य छात्रों और बालिकाओं को बढ़ावा देने के लिए बोर्ड ने निम्नलिखित छात्रवृत्ति योजनाएँ शुरू की हैं:-

**शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रायोजित महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के छात्रों हेतु केंद्रीय सेक्टर योजना छात्रवृत्ति (CSSS)**

शिक्षा मंत्रालय की ओर से, सीबीएसई प्रति वर्ष 6854 छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए भारत सरकार (MoE) के पीएफएमएस पोर्टल पर आवेदनों को प्राप्त, संसाधित और अपलोड करता है। यह योजना पूर्णतया शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित है।

इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के मेधावी छात्रों को स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर पर अपनी शिक्षा जारी रखने में सहायता करना है। जिन छात्रों के माता-पिता की आय प्रति वर्ष 8 (आठ) लाख से कम है और बारहवीं कक्षा में न्यूनतम कट ऑफ (80 शततमक अंक) प्राप्त किया है, वे योजना के तहत छात्रवृत्ति प्राप्त करने के लिए पात्र हैं। विज्ञान, वाणिज्य और कला योजनाओं के लिए छात्रवृत्ति 3:2:1 के अनुपात में वितरित की जाती है। पात्र छात्रों को स्नातक स्तर पर ₹10,000/- प्रति वर्ष और स्नातकोत्तर स्तर पर ₹20,000/- प्रति वर्ष की दर से वर्ष के 10 महीनों के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

**एकल बालिका संतान मेरिट छात्रवृत्ति योजना**

बोर्ड के पास सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों में ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा में शिक्षा प्राप्त करने वाली एकल संतान बालिका के लिए छात्रवृत्ति है और जिसने सीबीएसई से संबद्ध स्कूल से दसवीं कक्षा उत्तीर्ण की है, जहां मासिक शुल्क ₹1,500/- से अधिक नहीं है। यह योजना पूर्णतया सीबीएसई द्वारा प्रायोजित है। वे छात्राएं जो अपने माता-पिता की इकलौती संतान हैं और जिन्होंने 60% या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं, पुरस्कार के लिए पात्र हैं। प्रत्येक विद्यार्थी को ₹6,000/- प्रति वर्ष की राशि प्रदान की जाती है और छात्रवृत्ति की संख्या की कोई सीमा नहीं है।

**अनुसूचित जाति/जनजाति छात्रों के लिए बोर्ड की मेरिट छात्रवृत्ति योजना**

बोर्ड अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति समुदाय के दसवीं कक्षा के 23 छात्रों को प्रति माह ₹250/- और बारहवीं कक्षा के सुयोग्य छात्रों को ₹500/- प्रति माह की छात्रवृत्ति प्रदान करता है। यह योजना पूर्णतया सीबीएसई द्वारा प्रायोजित है।

**सीबीएसई कर्मचारियों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति योजना**

बोर्ड कर्मचारियों के सुयोग्य बच्चों को बढ़ावा देने के लिए, बोर्ड स्कूलों के प्रत्येक वर्ग के सभी पात्र छात्रों को निम्नलिखित दरों पर छात्रवृत्ति प्रदान करता है:-

कक्षा VI – VIII @ ₹700/- प्रति माह

कक्षा IX – XII @ ₹900/- प्रति माह

**(स्व.) श्री लक्ष्मण सिंह कोठारी मेमोरियल अवार्ड**

संजय कोठारी फैमिली चैरिटेबल ट्रस्ट, नई दिल्ली ने स्वर्गीय श्री लक्ष्मण सिंह कोठारी के नाम पर एक चल-वैजयंती की स्थापना की है। ₹10,000/- का पुरस्कार ट्रस्ट द्वारा प्रदान की गई समग्र निधि से सीबीएसई के सहयोग से है। यह उस छात्र को दिया जाता है, जो सीबीएसई द्वारा आयोजित बारहवीं कक्षा की परीक्षा में पांच विषयों में मिलाकर अधिकतम अंक प्राप्त करता है।



## जनवरी से दिसंबर 2022 तक प्रदत्त छात्रवृत्ति

सीबीएसई एकल संतान बालिका छात्रवृत्ति योजना के तहत 3763 छात्रों को रुपये 22,57,800/- की राशि वितरित किए गए। शिक्षा मंत्रालय द्वारा महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए केंद्रीय सेक्टर छात्रवृत्ति योजना (CSSS) के तहत छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए कुल सत्यापित मामले 8514 थे।

| योजना | छात्रवृति |
|---|---|
